संख्या-11/2018/क0नि0-4-1401/11-2017-400(35)/91टी0सी0

प्रेषक,

मो0 मारूफ,

विशेष सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कमिश्नर,

वाणिज्य कर,

उ0प्र0, लखनऊ।

कर एवं निबंधन अनुभाग-4 **लखनऊः दिनांकः 16 फरवरी, 2018**

विषय: वाणिज्य कर विभाग के पुनर्गठन के अन्तगत सृजित पदों की वर्ष 2018-19 की निरन्तरता के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-स्था0-1-पदों की निरन्तरता-2017-18/626/ वाणिज्य कर दिनांक 03.11.2017 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश में मूल्य संवर्धित कर प्रणाली (वैट) लागू होने से राजस्व में अधिकाधिक वृद्धि लाने के उद्देश्य से शासनादेश संख्या-क0नि0-4-902/11-2018/400(35)/91, दिनांक-10.06.2008 द्वारा वाणिज्य कर विभाग में निम्नलिखित तालिका में उल्लिखित अस्थायी पदों को उनके सम्मुख अंकित वेतनमान में सृजित किया गया हैः-

क्र0सं0	सृजित पद	संख्या	पुराना वेतनमान
1	एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1	09	16400-450-20000
2	एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2	75	14300-400-18300
3	ज्वाइन्ट कमिश्नर	32	12000-375-16500
4	डिप्टी कमिश्नर	177	10000-325-15200
5	असिस्टेण्ट कमिश्नर	172	8000-275-13500
6	वाणिज्य कर अधिकारी	219	6500-200-10500
7	ज्वाइट डायरेक्टर (संख्या)	01	12000-375-16500
8	उप निदेशक (संख्या)	03	10000-325-15200
9	संख्याधिकारी	21	8000-275-13500

2- चूंकि उक्त पदों की भविष्य में चलते रहने की आवश्यकता है। अतः श्री राज्यपाल महोदय उक्त अस्थायी पदों की वर्ष 2018-19 के अन्तर्गत दिनांक-28.02.2019 तक, यदि इससे पूर्व यह पद बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त न कर दिये जायें तक चलते रहने की स्वीकृति प्रदान करते हैं।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- उपरोक्त पद धारकों को समय- समय पर स्वीकृत महंगाई भत्ता तथा अन्य शर्ते जो भी अनुमन्य होंगी, देय होंगीं।

4- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-89 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2040-बिक्री, व्यापार आदि पर कर-800-अन्य व्यय-आयोजनेत्तर-03 वाणिज्य कर आयुक्त का अधिष्ठान के अन्र्तगत सुसंगत इकाईयों के नामें डाले जायेगा।

आज्ञा से,

(मो0 मारूफ)
विशेष सचिव।

संख्या-11/2018/क0नि0-4-1401(1)/11-2017, तद्दिनांक:-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय**,** इलाहबाद।
2- महालेखाकार (लेखापरीक्षा) प्रथम/द्वितीय, इलाहाबाद।
3. मुख्य कोषाधिकारी**,** जवाहर भवन**,** लखनऊ।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण)**,** अनुभाग-9
5- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(मो0 मारूफ)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।